DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS---- संडे नवभारत टाइम्स | नई दिल्ली | 8 फरवरी 2026

# अगला वीकेंड DDA के लिए खास, होंगे तीन बड़े आयोजन

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

NBT संडे स्पेशल

अगला वीकेंड लोगों के लिए खास रहने वाला है। DDA अलग अलग मिजाज के लोगों के लिए अलग अलग तरह के इवेंट आयोजित कर रहा है। इनमें ग्रीन एक्सपो, फ्लावर फेस्टिवल और मैराथन जैसे आयोजन शामिल हैं।

**चार जगह फ्लावर फेस्टिवल:** DDA 14 से 16 फरवरी तक अपने 4 बड़े ग्रीन स्पेस में सालाना फ्लावर फेस्टिवल 'पलाश' आयोजित कर रहा है। यह फेस्टिवल बिरसा मुंडा चौक के बांसेरा पार्क, जसौला के लाला हरदयाल पार्क, अशोक विहार के अशोक पार्क और नरेला के स्मृति वन पार्क में लगेगा। फेस्टिवल में लोगों को कई तरह की फूलों की सजावट देखने को मिलेगी। 'गार्डन इन कटेनर' प्रतियोगिता यहां लोगों का ध्यान खींचती है। ट्यूलिप की रंगत भी लोगों को अट्रेक्ट करेगी। इस आयोजन में बागवानी प्रेमी, एनवायरमेंटलिस्ट, आर्टिस्ट और आम लोग बढ़चढ़कर हिस्सा लेते हैं। यहां फूलों के डिस्पले और सजावट के साथ फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, कल्चरल प्रोग्राम, इंटरेक्टिव और क्रिएटिव एक्टिविटी, फूलों की रंगोली प्रतियोगिता और ड्राइंग और पेंटिंग कॉम्पिटिशन भी होंगी।

## 14 और 15 को ग्रीन एक्सपो

14 और 15 फरवरी को बांसेरा में ग्रीन एक्सपो लगाया जाएगा। यह एक्सपो शहरीकरण के ग्रीन और प्राकृतिक आधारित हल पर फोकस करेगा। इसमें दुनिया भर की बेहतरीन प्रैक्टिस को एक राष्ट्रीय मंच मिलेगा। DDA इस एक्सपो के जरिए लीडर्स, पॉलिसी मेकर और शहरी विकास से जुड़े लोगों को एक मंच पर लाने का प्रयास कर रहा है। इसका मकसद भारतीय शहरों को जलवायु परिवर्तन के अनुसार तैयार करना है।



## सीरीफोर्ट में ट्रेल रन 2.0

DDA सीरीफोर्ट ट्रेल रन 2.0 15 फरवरी को आयोजित करेगा। इसमें 25 हजार से अधिक लोगों के हिस्सा लेने की संभावना है। 2, 5 और 10 किलोमीटर की दौड़ कराई जाएगी। इसके लिए ऑनलाइन रजिस्टर किया जा सकता है। रजिस्ट्रेशन फीस 500 रुपये है। पहले 3 विजेताओ को ट्रॉफी दी जाएगी।



DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS----------- -----DATED-----------------------

हिन्दुस्तान
नई दिल्ली, सोमवार, 9 फरवरी 2026

## पीएम उदय योजना कैंप में कई केसों का निपटारा

**नई दिल्ली।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने प्रधानमंत्री-अनधिकृत कालोनियों में आवास अधिकार योजना (पीएम उदय) के तहत कई स्थानों पर दो दिवसीय कैंप आयोजित किए। कैंप में नए पंजीकरण, दस्तावेज तैयार करने और योजना से जुड़े मामलों का निपटारा किया गया। अधिकारियों ने बताया कि यह सिंगल विंडो कैंप फेज-2 के तहत हुआ।

## अर्थ मेले का 14-15 फरवरी को आयोजन

**नई दिल्ली।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) 14 और 15 फरवरी को सिरी फोर्ट स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में अर्थ मेला आयोजित करेगा। मेले में नागरिक शॉपिंग, खान-पान और लाइव म्यूजिक का आनंद ले सकेंगे। बच्चों के लिए किड्स जोन भी बनाया जाएगा। परिवार सहित लोग इस मेले में आकर खरीदारी और मनोरंजन का अनुभव प्राप्त कर सकते हैं।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS------ amarujala.com
नई दिल्ली | रविवार, 8 फरवरी 2026 DATED----------

# यमुना तट पर बांसेरा पार्क बनेगा स्वच्छ ऊर्जा व आधुनिक पार्किंग का नया मॉडल

## दो हेक्टेयर में लगेगा 2.2 मेगावाट का सोलर कारपोर्ट, बिना प्रदूषण बनेगी बिजली, नीचे मिलेगी पार्किंग

आदित्य पाण्डेय

नई दिल्ली। यमुना तट पर बांसेरा पार्क में हरियाली, पर्यावरण संरक्षण के बाद अब स्वच्छ ऊर्जा और आधुनिक पार्किंग का नया मॉडल तैयार होगा। डीडीए ने पार्क के करीब दो हेक्टेयर क्षेत्रफल में 2.2 मेगावाट क्षमता का सोलर कारपोर्ट बिजली संयंत्र लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ये परियोजना न सिर्फ बिना प्रदूषण बिजली पैदा करेगी, बल्कि इसके नीचे एक भव्य और व्यवस्थित पार्किंग भी तैयार होगी।

यह सोलर कारपोर्ट परियोजना करीब दो हेक्टेयर, यानी लगभग 20 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में विकसित की जाएगी। आईएसबीटी सराय काले खां के सामने पार्क में सोलर पैनलों से ढकी बड़ी संरचनाएं खड़ी होंगी, जिनके नीचे बसों, कारों और दोपहिया वाहनों के लिए पार्किंग की सुविधा होगी। यानी एक ही जगह पर बिजली उत्पादन और पार्किंग, दोनों काम एक साथ होंगे। ये परियोजना भी यमुना रिवरफ्रंट विकास कार्यक्रम से जुड़ी हुई है। सोलर कारपोर्ट को इस तरह डिजाइन किया जाएगा कि नीचे खड़े वाहनों को धूप व बारिश से भी राहत मिले। बसों के लिए पार्किंग शेड की ऊंचाई साढ़े तीन मीटर रखी जाएगी, जबकि कार और बाइक के लिए ढाई मीटर ऊंचाई तय की गई है। पूरी संरचना प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत नक्शों और मानकों के अनुसार बनेगी, ताकि सुरक्षा व सुविधा दोनों सुनिश्चित की जा सकें। सोलर प्लांट और पार्किंग की सुरक्षा के लिए 24 घंटे सीसीटीवी कैमरों से निगरानी होगी।

वाहन आने-जाने के लिए साफ संकेतक होंगे, ताकि ट्रैफिक में कोई भ्रम न हो। रात के समय पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था रहेगी।



पार्किंग एरिया लाल घेरे में। स्रोत : विभाग

### चयनित सोलर एजेंसी खुद निवेश करेगी

परियोजना की खासियत ये है कि डीडीए को निर्माण खर्च नहीं उठाना है। चयनित सोलर एजेंसी खुद निवेश करेगी, प्लांट लगाएगी, उसे चलाएगी और 25 साल तक उसकी देखरेख करेगी। सोलर पैनलों से बनने वाली बिजली तय दर पर प्राधिकरण खरीदेगा। आसान शब्दों में कहें तो प्राधिकरण को साफ बिजली भी मिलेगी और लंबी अवधि में आर्थिक फायदा भी होगा। एजेंसी चयन के छह महीने में प्लांट तैयार हो जाएगा।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS------ दैनिक जागरण नई दिल्ली, 10 फरवरी, 2026 ---------DATED----------

## डीडीए ईडब्ल्यूएस फ्लैटों की पंजीकरण तिथि 28 तक बढ़ी

राब्यू, जागरण • नई दिल्ली: दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की जनता आवास योजना के तहत 144 ईडब्ल्यूएस फ्लैटों की पंजीकरण तिथि 28 फरवरी तक बढ़ गई है। इन ईब्ल्यूएस फ्लैट के लिए खरीदार अभी 18 दिन और पंजीकरण कर सकते हैं। ड्रा 13 मार्च को होगा। आवेदक डीडीए वेबसाइट eservices.dda.org.in से अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसमें द्वारका मोड़ मेट्रो स्टेशन के पास 82 ईडब्ल्यूएस फ्लैट और 62 ईडब्ल्यूएस फ्लैट छतरपुर मेन रोड चांदन होला गांव में हैं।

हिन्दुस्तान नई दिल्ली, मंगलवार 10 फरवरी 2026

## डीडीए ने जनवरी संस्करण न्यूजलेटर जारी किया

नई दिल्ली। डीडीए ने जनवरी 2028 संस्करण का न्यूजलेटर जारी कर दिया है। इसमें डीडीए ने विभिन्न कार्यों व परियोजनाओं के संबंध में जानकारी दी है। अधिकारियों के अनुसार पतंग महोत्सव से लेकर द्वारका में कॉलम फाउंटेन के उद्घाटन के बारे में इसमें सूचना दी गई है। इसके अलावा जनवरी में किए गए विभिन्न कार्यों जैसे विकासपुरी में आरंभ पुस्तकालय को छात्रों को समर्पित करने, यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एलजी कप का आयोजन जैसे सूचना भी दी गई।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS

millenniumpost
NEW DELHI | TUESDAY, 10 FEBRUARY, 2026

# DDA extends Janta Awaas Yojana deadline till Feb 28

ANAMTA FATIMA

NEW DELHI: The Delhi Development Authority (DDA) has extended the registration deadline for the DDA Janta Awaas Yojana 2025, offering relief to aspiring homebuyers from the Economically Weaker Sections (EWS). According to an official announcement, applications can now be submitted until February 28, 2026, while the draw of lots has been scheduled for March 13, 2026.

Under the housing scheme, a total of 144 EWS flats are being offered at locations including Dwarka Mor and Chhatarpur Main Road. The allotment will be conducted through a computerised draw of lots, ensuring transparency in the selection process.

The DDA stated that registrations are being accepted exclusively through its official e-services portal. Applicants are required to submit a mandatory family income certificate, with eligibility capped at an annual income of ₹10 lakh.

The extension of the registration deadline is expected to benefit eligible applicants who were unable to complete the formalities earlier. The authority has encouraged interested citizens to carefully review the detailed circular available online before applying.

Officials said the Janta Awaas Yojana is part of the DDA's ongoing efforts to enhance access to affordable housing in the national capital, particularly for economically disadvantaged groups. The scheme aims to provide secure housing options in well-connected areas while maintaining fairness in the allotment process.

Applicants have been advised to rely only on official DDA platforms for information and registration to avoid misinformation or fraudulent claims.